उप मुख्यमंत्री ने किया अटल परिसर का लोकार्पण



## खबर संक्षेप



### विश्व शांति ब्रह्म यज्ञ का तीन दिवसीय आयोजन

**रायगढ़।** हमीरपुर ओड़िशा बॉर्डर पर विश्व शांति ब्रह्म यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिदार, सुंदरगढ़ के पूर्व विधायक कुसुम टेटे, अमल साय राठिया, जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा आदि सम्मिलित हुए, जिसमें उड़ीसा और तमनार क्षेत्र से लगे ग्रामीण काफी संख्या में हवन यज्ञ में शामिल हुए जिसमें सुरेंद्र सिंह सिदार एवं रमेश बेहरा ने भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

### लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार का अवसर

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में निःशुल्क गैर.आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रक्रिया जारी है। शेष बची सीटों की पूर्ति के लिए इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक परियोजन अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज ने जानकारी देते हुए बताया कि लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ में इलेक्ट्रीशियन 10वीं उत्तीर्ण, इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन 8वीं उत्तीर्ण तथा गेस्ट सर्विस एसोसिएट फूड एंड बेवरेज 12वीं उत्तीर्ण जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। प्रशिक्षणार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशिक्षुओं के लिए निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात सफल प्रशिक्षुओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इच्छुक युवक.युवतियां लाइवलीहुड कॉलेज केआईटी कॉलेज के पास अग्रसेन आईटीआई के बगल में उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया में समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### आंबा सहायिका भर्ती, 22 जनवरी तक दावा.आपत्ति

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र उर्दना क्रमांक.01 वार्ड क्रमांक 46, नगर पालिका निगम रायगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। यह आवेदन प्रक्रिया 17 से 31 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ शासन के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका भर्ती नियम.निर्देशों के अनुसार संपन्न हुई। प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण एवं मूल्यांकन 9 जनवरी को मूल्यांकन समिति की बैठक में किया गया। इसके पश्चात प्राविधिक अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है, जिसका आवेदिकाएं अवलोकन कर सकती हैं। परियोजना कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई है कि यदि किसी आवेदिका को आवेदन पत्र के मूल्यांकन में किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि प्रतीत होती है, तो वे अपना दावा अथवा आपत्ति परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के कार्यालय में 22 जनवरी तक सायं 5.30 बजे तक लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा.आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### बीती रात एनएच 49 में हुआ हादसा

# कुत्ते को बचाने के चक्कर में दो वाहनों में भिड़ंत, कलेक्टर के पिता सहित 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम धनगर के पास एनएच.49 में बीच सडक़ पर पड़े कुत्ते के कारण वार पहिया वाहनों में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई है इस हादसे में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के पिता घायल हो गए हैं वहीं दूसरे चार पहिया वाहन में सवार तीन युवक भी घायल हो गए हैं।

सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका उपचार किया गया है। जानकारी के अनुसार रायगढ़ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के पिता विश्वनाथ चतुर्वेदी बीती रात करीब 8 बजे इनोवा कार से बिलासपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान जिला मुख्यालय से लगे ग्राम धनागर के पास एनएच.49 पर पेट्रोल पंप



के समीप सडक़ पर पड़े मृत कुत्ते को देखकर उन्होंने वाहन को किनारे से निकालने का प्रयास किया। तभी विपरीत दिशा खरसिया की ओर से तेज गति से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने इनोवा कार को टक्कर मार दिया। दोनों वाहनों के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत से इनोवा कार में सवार कलेक्टर के पिता विश्वनाथ चतुर्वेदी व डिजायर कार सवार सिद्धार्थ सिदार 24 वर्ष, राकेश डनसेना 28 वर्ष, निवासी कोसमनारा हेतराम 32 वर्ष निवासी कलमी घायल हो गए हैं। साथ ही दोनों वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया जाता है कि कलेक्टर के पिता विश्वनाथ चतुर्वेदी के कंधे में गंभीर चोट आई है वही तीनों युवकों के सिर में चोंटे आई है सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

## विशेष स्वास्थ्य शिविर में 242 हितग्राही हुए लाभान्वित

**रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशनए जिला रायगढ़ के अंतर्गत आज चौहान समाज भवन देवारपारा में निःशुल्क आउटरीच विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न जांच काउंटरों का अवलोकन कर हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने स्वयं भी स्वास्थ्य जांच करवाई और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अनुभव लिया। महापौर ने कहा कि ऐसे शिविर शहरी नागरिकों को समय पर निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महापौर श्री चौहान ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उपस्थित युवाओं एवं हितग्राहियों को स्वामी विवेकानंद जयंती की शुभकामनाएं देते हुए युवाओं को नशा एवं व्यसन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

**इस बार केवल हाई और हायर सेकेंडरी के छात्राओं को सीखा रहे ट्रेनर**

## छात्राओं की आत्म रक्षा ट्रेनिंग में कटौती पहले था तीन अब केवल एक महीने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्कूली बच्चियों को दी जाने वाली आत्मरक्षा ट्रेनिंग में कटौती कर दी गई है। इसके कारण लड़कियों का अधूरी ट्रेनिंग मिल रही है। पूर्व में यह ट्रेनिंग स्कूलों में तीन-तीन महीने की होती थी, लेकिन बीते दो साल से इसमें कटौती कर केवल एक महीने कर दिया गया है।

दूसरी ओर पहले हाई- हायर के साथ मिडिल स्कूल के छात्राओं को भी ट्रेनिंग दी जाती है, लेकिन इस साल तो इनको इस दायरे से ही बाहर कर दिया गया है। अभी केवल हाई और हायर सेकेंडरी के छात्राओं का ही प्रशिक्षित की जा रही है। हालांकि केवल एक महीने की इस प्रशिक्षण से केवल सामान्य जानकारी ही मिल सकती है। सालों से स्कूली छात्राओं का



दी जाने वाली रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की अवधि में कटौती करने से अधूरी ट्रेनिंग ही मिल पा रही है। यह लड़कियों का कोई काम भी आने वाला नहीं है। पहले तीन-तीन महीने की ट्रेनिंग होती थी। तब पूरी तरह आत्मरक्षा के लिए तैयार हो सकते थे, लेकिन अब तो यह भी संभव नहीं है। अब इसमें केवल एक महीने की ही ट्रेनिंग का निर्देश है। इसके कारण स्कूली छात्राएं पूरी तरह से प्रशिक्षित नहीं हो पा रही हैं।

### मिडिल स्कूल को दायरे से किया बाहर

शासन की ओर से जो निर्देश आया है उसमें इस साल मिडिल स्कूल को भी इस दायरे से बाहर कर दिया है। बीते साल हाई, हायर और मिडिल के लड़कियों को प्रशिक्षण दिया गया था, लेकिन इस साल केवल हाई हायर के बच्चियों को ही प्रशिक्षित की जा रही है। मिडिल को ट्रेनिंग के दायरे से बाहर करने का कोई कारण अधिकारी नहीं बता पा रहे हैं। ऐसे में इस बार जिले के पांच सौ से अधिक मिडिल स्कूल के बच्चियां इससे वंचित हो गई हैं।

### तीन के बजाए कर दिया एक

कई सालों से यह योजना चल रही है। इसमें तीन महीने की ट्रेनिंग दी जाती थी। बीते दो साल इसमें भी कटौती कर कर केवल एक महीने की ट्रेनिंग का निर्देश दिया गया है। इसमें भी महीने में पांच से सात दिन अवकाश में चली जाती है। याने केवल 25 दिन की ट्रेनिंग ले पाते हैं।

## महिला यात्री का नकदी और डेढ़ लाख के जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कुर्ला शालीमार एक्सप्रेस में सफर करने के दौरान नींद में गाफिल महिला यात्री के ट्राली बैग को किसी ने पार कर दिया। बैग में नगद राशि के अलावा लगभग डेढ़ लाख रूपए के सोने व चांदी के जेवर थे जो चोरी हो गये। महिला ने रायगढ़ जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पतासाजी में प्रारंभ कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार झारखण्ड के ग्राम धनगांव निवासी अनुराधा लेनजारे पति जितेन्द्र लेनजारे कुर्ला शालीमार एक्सप्रेस से परिवार सहित राजनांदगांव से टाटानगर जाने के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान वह




सीट के नीचे ट्राली बैग रख कर सो गई थी। वहीं रात करीब 1 बजे रायगढ़ में उसकी नींद खुली तब सीट के नीचे देखा तो बैग गायब था। महिला ने आस पास बैठे अन्य यात्रियों से पूछताछ की लेकिन बैग की कोई जानकारी नहीं मिल पाई। अपने घर पहुंचने के बाद उसने परिजनों को मामले की जानकारी दी तथा रायगढ़ आकर जीआरपी थाने में बैग चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसमें साढ़े 5 हजार रुपए नगद के साथ सोने का दो मंगलसूत्र, एक नग चांदी की पायल, एक नग चांदी का चैनए दो चांदी की बिछिया, सोना का लॉकेट था जिनकी कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रूपए है। जीआरपी पुलिस ने अनुराधा लेनजारे की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 305 सी के तहत जुर्म दर्ज कर उसकी पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

## पुलिस ने किया माजदा वाहन में लोड 80 बोरी अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार को कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर अवैध धान परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मौके से धान से भरा एक माजदा वाहन लावारिस हालत में जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 12 लाख 99 हजार रुपए है।

जानकारी के अनुसार कोतरारोड़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम कुलबा सरवानी मार्ग पर कुलबा तालाब के किनारे एक सफेद रंग की सरताज माजदा वाहन संदिग्ध अवस्था में खड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। मौके पर उक्त माजदा वाहन लावारिस हालत में खड़ा मिला। वाहन की जांच करने पर उसमें 80 बोरी धान, प्रत्येक बोरी में 40-40 किलोग्राम धान भरा हुआ पाया गया। घटना स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में वाहन चालक एवं वाहन स्वामी के संबंध में पूछताछ व पतासाजी की गईए लेकिन कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। प्रकरण में प्रथम दृष्टया धारा 106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का घटित होना पाए जाने पर पुलिस द्वारा मौके पर ही उक्त माजदा वाहन कीमत लगभग 12,00,000 तथा उसमें लोड 80 बोरी




धान कीमत लगभग 99,000 को गवाहों के समक्ष विधिवत जप्ती पत्रक के माध्यम से जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। जप्त संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत 12,99,000 रुपए है। इस संबंध में थाना कोतरारोड़ में इस्तगासा क्रमांक धारा 106 बीएनएसएस कायम कर जप्तशुदा संपत्ति के स्वामी एवं वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है।

## सिंधी समुदाय का मकर पर्व लाल लोई आज

**रायगढ़।** मकर संक्रांति के पूर्व संध्या पर जिस तरह पंजाबी समुदाय लोहड़ी का पर्व मनाता है ठीक उसी तरह सिंधी समुदाय भी इसे लाल लोई और तिरमूरी पर्व के नाम से पूरे उत्साह के साथ मनाता है। अखंड भारत में पंजाब और सिंध क्षेत्र आपस में मिले होने के कारण यहां के त्योहारों में भी काफी समानता है। बस क्षेत्र के अनुसार उनके नाम बदल गये हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरएसएम महिला विंग प्रभारी श्रीमती पूनम मोटवानी ने बताया कि बढ़ते आधुनिक संसाधनों की दौड़ में यह त्यौहार अपनी पौराणिक परंपराओं से हटकर आयोजित हो रहे हैं परंतु उत्साह आज भी पूर्व की तरह है। लाल लोई नकारात्मक शक्तियों के अंत और सकारात्मक शक्तियों के आव्हान का दिन है कहा जाता है कि माघ माह के मध्य में जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं तो भगवत गीता के अनुसार भगवान श्री कृष्ण अपने पूरे वैभव और सभी कलाओं के साथ अपने पूर्ण स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। पहले लाल लोई के लिए एक बड़े मैदान में गड्ढा खोदा जाता था जो बच्चे स्वयं अपने हाथों से मेहनत कर बनाते थे लेकिन अब मैदान नहीं होने के कारण ईंट का घेरा लगाकर और उसके अंदर गोबर लिपाई करने के बाद लकड़ी का ढेर पिरामिड के आकार में सजाया जाता है। पहले इस पर्व के लिए बच्चे छत्तीसगढ़ी त्यौहार छेरछेरा की तरह अपने समुदाय के हर घर में जाकर लकड़ी और प्रसाद के पैसे एकत्रित करते थे उस वक्त वे एक गीत गाते थे।

## चक्रधरनगर पुलिस ने आदतन बदमाश को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस ने रविवार को विजयपुर में हुए मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आदतन बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को प्रार्थी विकास भोय पिता गिरधारी भोय 20 वर्ष निवासी पतरापाली पूर्व द्वारा थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी ने बताया कि वह गोपालपुर से मिट्टी ट्रैक्टर में लोड कर विजयपुर लोटस कॉलोनी में खाली करने जा रहा था।

इसी दौरान शाम लगभग 4:30 बजे विजयपुर तालाब के पास मोहम्मद आफताब हुसैन, निवासी विजयपुर हाथ में लोहे की रॉड लेकर पहुंचा और शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगा। प्रार्थी द्वारा रुपए देने से मना करने पर आरोपी ने गाली.गलौज करते हुए हाथ में पहने स्टील के कड़े एवं लोहे की रॉड से उसके साथ मारपीट की। बीच.बचाव करने आए राजा लोहार के साथ भी आरोपी द्वारा मारपीट की गई। रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अपराध धारा 119,1, 296, 351,3 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं घायल का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया तथा तत्काल दबिश देकर आरोपी को पुलिस हिरासत में लिया गया। आरोपी के कब्जे से एक स्टील का कड़ा एवं एक लोहे की रॉड जप्त की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी आफताब हुसैन पिता असलम हुसैन निवासी विजयपुर अमरैयापारा द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। विवेचना



में आरोपी के विरुद्ध अपराध घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि आरोपी आफताब हुसैन के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में पूर्व से मारपीटए चोरीए आर्म्स एक्टए जुआ एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कई प्रकरण दर्ज हैं। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है।

### विजयपुर में खेती के लिए आदिवासी को आबंटित भूमि की दी थी बिक्री नकल

## जांच रिपोर्ट की दबी रही फाइल, अब पटवारी हुआ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विजयपुर में आदिवासियों को खेती के लिए आबंटित भूमि का बिक्री नकल जारी करने वालें पटवारी केशव राठिया को तीन महीने बाद निलंबित की गई है। एसडीम द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट की फाइल तीन महीने तक दबी रही। इसके बाद अब जाकर कार्रवाई हुई है। हांलांकि इस मामले में शामिल तत्कालीन तहसीलदार को अभी भी पाक साफ बताया जा रहा है। इसके कारण अब तक तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि पटवारी के रिपोर्ट के बाद नामांतरण उनके द्वारा किया गया था। एसडीएम की जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेखित है। अब तत्कालीन तहसीलदार के



खिलाफ राजस्व मंडल की ओर से कार्रवाई होनें की बात कही जा रही है। पटवारी केशव राठिया को एसडीएम ने निलंबित किया है।

विजयपुर में खेती के लिए करीब 18 आदिवासियों को सरकारी जमीन आबंटित की गई थी। इस जमीन को कलेक्टर के बिना परमिशन बिक्री नहीं किया जा सकता, लेकिन रायगढ़ तहसील के पटवारी और तहसीलदार बदौलत यह असंभव काम भी संभव हो गया था। जब इसका खुलासा हुआ तो एसडीएम की टीम ने जांच किया । इसमें पटवारी केशव राठिया द्वारा टूकड़ों में बिक्री नकल जारी कर दिया। विजयपुर में खसरा नंबर 4 में से 18 लोगों को जमीन आवंटित की गई थी। सरकार ने खेती करने के लिए भूमिहीनों को जमीन दी थी, लेकिन रोड किनारे की जमीन होने के कारण लोगों ने प्लाट काटकर बिक्री कर दिया। । किसी कलेक्टर को भनक तक नहीं लगी और जमीनों की रजिस्ट्री हो गई। 1973-74 में आवंटित जमीन की बिक्री 1987 में ही प्रारंभ हो गया। इसके बाद 1990, 1995, 2000, 2002, 2024 में भी जमीन की बिक्री की गई। खसरा 4/6 से सात टुकड़े बेचे गए थे।

### ऐसे हुई बिक्री

खनं 4/23 रकबा 0.0230 हे. मेहत्तर सिदार, 4/24 रकबा 0.0230 हे. कोमल सिंह, 4/25 रकबा 0.0230 हे. महेश्वरी सिदार, 4/26 रकबा 0.0190 हे. पदुम लाल परजा, 4/27 रकबा 0.0230 हे. तिलकराम सिदार, 4/28 रकबा 0.0220 हे. रश्मि राठिया और 4/29 रकबा 0.2670 हे. सुजाता सिंह को बेचकर नामांतरण कर नक्शा भी अपडेट कर दिया गया था। इस मामले में एसडीएम ने पटवारी केशव राठिया पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर से अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद पटवारी को निलंबित किया जा चुका है। हालांकि इस मामले का खुलासा होने के बाद मूल भूस्वामी के नाम पर दोबारा कर दिया गया है, लेंकिन इसमें भी पेंच है। जिसके नाम किया गया है वह भी क्रेता ही है।

### तहसीलदार पर राजस्व मंडल करेगा कार्रवाई

इस मामले के अलावा केलों बिहार जमीन बिक्री और नामांतरण का मामला भी है, जिसमें तत्कालीन तहसीलदार की भूमिका अहम है। अब तहसीलदार के खिलाफ राजस्व मंडल की ओर से कार्रवाई करने की जानकारी मिली है। प्रशासन की ओर से पूरी रिपोर्ट वहां भेज दी गई है। दोनों मामले को लेकर तत्कालीन तहसीलदार से कलेक्टर भी काफी नाराज बताए जा रहे हैं

## रंगोली और भाषण प्रतियोगिताओं में दिखा बच्चों का जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, लक्ष्मीपुर में युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गणेशचंद्र यादव, जिला प्रतिनिधि रायगढ़ एवं अन्य अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ ने जानकारी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में काव्य पाठ, रंगोली और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 122 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान.मोहन कुर्रेए द्वितीय किशन यादव और तृतीय हरिओम ने प्राप्त किया। रंगोली



प्रतियोगिता में प्रथम स्थान.अमन, द्वितीय नैंसी और तृतीय स्थान पर अभिषेक तिवारी रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अभिषेक, द्वितीय जतिन और तृतीय स्थान युवराज ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रमेश द्विवेदी, श्रीमती निशा ब्रह्म भट्ट, श्रीमती पूर्णिमा गायकवाड़, जितेंद्र मिश्रा, जितेश्वर प्रधान, जयकुमार यादव एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे। जितेश्वर प्रधान, व्यायाम शिक्षक खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ ने कार्यक्रम के सभी अतिथियों, निर्णायकों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की ठोकर से महिला की मौत

**राउरकेला।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 143 पर फेटकल पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान जलदा, ब्लॉक के मुरुमबासा गांव निवासी कौशल्या दास 60 के रूप में हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रात करीब 8 बजे कौशल्या दास पैदल चलते हुए डिवाइडर के सहारे सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात भारी वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसा इतना गंभीर था कि महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय बस्तीवासियों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क जाम कर दिया। जलदा फांड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया।

### महिला हाकी स्पर्धा में संबलपुर विश्वविद्यालय बना चैंपियन

**राउरकेला।** ईस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला हॉकी कॉम्पिटिशन 7 जनवरी से 11 जनवरी तक स्पोर्ट्स हॉस्टल पानपोस में म्युनिसिपल कॉलेज राउरकेला के साथ मिलकर हुआ था। इस कॉम्पिटिशन में संबलपुर यूनिवर्सिटी पहले, काइट यूनिवर्सिटी दूसरे, रांची यूनिवर्सिटी तीसरे और वीर बहादुर सिंह पुर्वांचल यूनिवर्सिटी चौथे स्थान पर रही और ऑल इंडिया इंटर ज़ोन हॉकी कॉम्पिटिशन के लिए क्वालीफाई किया, जो इसी महीने 28 जनवरी से 02 फरवरी तक काइट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर में होने वाला है। हर ज़ोन से सबसे अच्छी चार टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी के डॉ. सचिन शिवाजीराव देशमुख ने एक ऑब्जर्वर के तौर पर मैनेजिंग एडिटर कैप्टन सत्य नारायण राउत की राउरकेला को हॉकी के लिए सबसे अच्छी जगह बनाने और इतने बड़े कॉम्पिटिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए तारीफ की। उन्होंने चारों टीमों को ट्रॉफी भी दीं। अन्य अतिथियों में सर्व कालूचरण चौधरी, अमूल्य नंद बिहारी, लूसिया एक्का, डॉ. राजेश सिंह, दिल रंजन मोहंती और प्रतियोगिता के समन्वयक, आदक्षा म्युनिसिपल कॉलेज के प्रोफेसर हरिहर दाश मौजूद थे और उन्होंने कॉलेज की ओर से खिलाड़ियों को नाश्ता परोसा और सभी को शुभकामनाएं दीं। हॉकी इंडिया और हॉकी ओडिशा के अधिकारियों ने खेल को उच्च गुणवत्ता वाले तरीके से संचालित किया। प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय हॉकी अधिकारी निशान ज्योति मोहंती की प्रत्यक्ष देखरेख में आयोजित की गई थी।

### सांस्कृतिक रंगों में सराबोर रहा रावा का नववर्ष मिलन उत्सव

**राउरकेला।** हर वर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी राउरकेला आर्टिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन रावा द्वारा नववर्ष के पावन अवसर पर आयोजित मिलन उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और धूमधाम के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन राउरकेला के सेक्टर 2 स्थित शहनाई मंडप में रावा के अध्यक्ष मदन दीक्षित के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ओसीएल आयरन एंड स्टील, जामपाली कारखाना के एचआर हेड आर कुमार की और प्रेरणादायक उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की शोभा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में रावा के अध्यक्ष मदन दीक्षित ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं कलाकारों का अभिनंदन किया तथा आयोजन की संक्षिप्त रूपरेखा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने उपस्थित सभी कलाकारों और अतिथियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा रावा द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक नववर्ष मिलन उत्सव की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय कलाकारों को आपस में मिलने, अपने विचारों का आदान प्रदान करने तथा आपसी एकता और सहयोग को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम हैं, जो कला और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन की सजीव मिसाल प्रस्तुत करते हैं।

### जयंती पर सामूहिक श्रमदान, पदयात्रा और नशामुक्ति की ली शपथ

# स्वामी विवेकानंद के विचार राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण की देते हैं सीखः भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

युवाओं के प्रेरणास्रोत, महान विचारक एवं दार्शनिक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के तहत जिले में जनजागरण एवं उनके विचारों के अनुकरण के उद्देश्य से पदयात्रा सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।पदयात्रा की शुरुआत रणजीता स्टेडियम से हुई, जिसे विधायक रायमुनी भगत सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा से पूर्व युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा समाज को नशा-मुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया। पदयात्रा रणजीता स्टेडियम से जयस्तंभ चौक, बस स्टैंड, गौशाला परिसर, विवेकानंद कॉलोनी, जिला पंचायत परिसर होते हुए पुनः रणजीता स्टेडियम में संपन्न हुई। इस दौरान विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा बाजारडांड क्षेत्र में सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत, कलेक्टर रोहित व्यास, एसडीएम विश्वास राव मस्के, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, युवा भारत स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**युवाओं को किया प्रेरितः** नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो जन जागृति लाई वह हमें आज भी प्रेरणा देती है। उन्होंने पूरे विश्व को भारतीय परंपरा और संस्कृति की गौरव के बारे में बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण, एकता, अखंडता और समरसता बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। कलेक्टर रोहित व्यास ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलकर देश के लिए समर्पण के साथ काम करने और अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को नियमित योग, खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

**विजेताओं को किया गया पुरस्कृतः** राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें विजेताओं को नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत के हाथों पुरस्कृत भी किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कर्मा सन्यासी ने पहला स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरे स्थान पर राहुल कश्यप रहे। कविता लेखन में साक्षी नायक प्रथम एवं दूसरा स्थान कर्मा सन्यासी को मिला। रंगोली प्रतियोगिता में अनुराधा प्रधान प्रथम एवं दूसरे स्थान पर दुर्गा यादव रही।

**युवा देश के भविष्य**

कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक रायमुनी भगत सहित अन्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक रायमुनि भगत ने अपने संबोधन में युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि स्वामी विवेकानंद के महान विचार आज भी हमें राष्ट्र के प्रति प्रेम, समर्पण और सही राह पर चलने की सीख देते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में आत्मसात कर अपनी ऊर्जा का सदुपयोग कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। श्रीमती भगत ने युवाओं को देश का भविष्य बताया और नशा से दूर रहने और लोगों के इसके खिलाफ जन जागरूकता फैलाने, स्वच्छता का पालन करने एवं देश के प्रति प्रेम एवं एकता बनाए रखने की अपील की।



## पिकअप-बाइक की आमने सामने टक्कर, एक की मौत

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर एक बार फिर रफ्तार ने जान ले ली। कुनकुरी– जशपुर मार्ग के बीच चराईडांड क्षेत्र में सोमवार को पिकअप वाहन और बाइक की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई।

■ चराईडांड की ढलान फिर बनी जानलेवा, गंभीर युवक रेफर

हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चराईडांड मेन रोड के नीचे बने ठोकर और ढलान के पास यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में लदा टमाटर सड़क किनारे खेतों में दूर-दूर तक फैल गया। घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार दोनों युवक कुनकुरी से जशपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और घायल युवक को एंबुलेंस से कुनकुरी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।सूचना पर कुनकुरी थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची।

## पूर्व मंत्री किशोर पटेल के रिश्तेदार को मारी गोली, अस्पताल में तकनीशियन है पीड़ित



**राउरकेला।** सुंदरगढ़ सदर थाना अंतर्गत करमडीही गांव में शनिवार रात करीब 8 बजे सेवानिवृत्त जवान अरुण कुमार नायक पर गोली चलाई गई। गैस एजेंसी की दुकान में घुस कर बदमाशों ने पहले मारपीट की और इसके बाद उन पर फायरिंग की। गोली उनके पेट में लगी है। गंभीर हालत में उन्हें राउरकेला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अरुण कुमार नायक पूर्व मंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष किशोर पटेल के साले हैं। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद वे सुंदरगढ़ जिला मुख्य अस्पताल में एक्स रे विभाग में तकनीशियन के रूप में कार्यरत थे। उनकी एक गैस एजेंसी भी है। शनिवार रात करीब 8 बजे वे गैस एजेंसी की दुकान में थे। तभी उनका पीछा दो बदमाशों ने दुकान में घुस गये और दुकान से बाहर निकाल कर पहले मारपीट कीएरिवाल्वर के बट से हमले में उनके सिर में चोट लगी, इसके बाद आरोपियों ने उन पर दो राउंड गोलियां चला दीं। इनमें से एक गोली उनके पेट में लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना मात्र पांच मिनट में घट गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।लहु लुहान हो कर गिर पड़ने और इसकी जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत पहले सुंदरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया, बाद में हालत गंभीर होने पर उन्हें राउरकेला के निजी अस्पताल में रेफर किया गया।

## पीएम जनमन योजना से सुदूर अंचलों में बदल रही तस्वीर

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन योजना के माध्यम से जिले के सुदूर और दुर्गम विशेष पिछड़ी जनजाति अंचलों में विकास की नई तस्वीर उभर रही है। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों तक आवास, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, बिजली और संचार जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब ज़मीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं।

जिला प्रशासन योजनाओं को तेज़ी, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतार रहा है। नियमित समीक्षा बैठकों, विभागीय समन्वय और निरीक्षण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों तक समय पर पहुँचे। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिले में





173 पक्के आवासों के लक्ष्य के विरुद्ध 161 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ये आवास विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि सुरक्षित भविष्य, सामाजिक सम्मान और आत्मविश्वास का आधार बन चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप इन घरों का निर्माण स्थानीय आवश्यकताओं और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। लैलूंगा विकासखंड के सुदूर ग्राम कुर्रा निवासी सहदेव बिरहोर बताते हैं कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित यह घर केवल छत नहीं, बल्कि उनके परिवार के लिए सम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व का प्रतीक है। रतिराम बिरहोर बताते हैं कि जब उन्होंने नए आवास में प्रवेश किया, तो वह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय बन गया। ग्राम कोराबाहर की निवासी श्रीमती गणेशी पैकरा भावुक होकर बताती हैं कि अब उन्हें चैन की नींद आती है। उनका यह पक्का आशियाना सिर्फ एक घर नहीं, बल्कि सम्मान, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है।

## भारत विकास परिषद ने स्वामी विवेकानन्द जयंती पर विद्यार्थियों में भरा राष्ट्रभक्ति का उत्साह

**राउरकेला।** स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद की ओर से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय, शिवाजी मार्ग में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, संस्कार और युवा चेतना का संचार करने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधान अध्यापक गोविंद मिश्रा एवं समस्त गुरुजनों की उपस्थिति में हुई। भारत विकास परिषद के वित्त सचिव असीम गुप्ता, महासचिव बंदिता महतो, सेवा सचिव सुकीर्ति शुक्ला, महिला सहभागिता सचिव मंजू मेहर, संस्कार सचिव शीबा त्रिपाठी तथा बबीता शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन एवं हरि ओम मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिषद के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द के जीवन, उनके आदर्शों तथा राष्ट्र और



समाज के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। वक्ताओं ने युवाओं से विवेकानन्द के आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम्‌ का भावपूर्ण गायन किया गयाए जिससे पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से ओत प्रोत हो गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के बीच बिस्कुट का वितरण किया गया।

## सड़क पर बना सुरंगनुमा गड्ढा, हादसे की आशंका



**राउरकेला।** शहर की बसंती कॉलोनी क्षेत्र में जीएम 6 के पास मुख्य सड़क पर एक सुरंगनुमा गड्ढा पाए जाने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। यह गड्ढा बसंती कॉलोनी और मालगोदाम बस्ती को जोड़ने वाले मार्ग के ठीक बीचों बीच स्थित है, जहां चारों ओर से सड़कें निकलती हैं और दिनभर आवागमन बना रहता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह सड़क पूरी तरह चालू है, जिससे होकर राहगीर, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन लगातार गुजरते हैं। इसी मार्ग से स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों का भी प्रतिदिन आना जाना होता है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। गड्ढा सड़क की सतह पर अचानक दिखाई देता है, जिससे रात के समय या तेज गति से आने वाले वाहनों के लिए यह और भी खतरनाक साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत या घेराबंदी नहीं की गई तो किसी भी समय गंभीर हादसा घट सकता है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि गड्ढे की तत्काल जांच कर उसे भरने और सड़क की मरम्मत कराई जाए। साथ ही, दुर्घटनाओं से बचाव के लिए चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाए जाने की भी आवश्यकता जताई गई है।

## एटीएम कैश वैन की दुर्घटना से अफरातफरी कड़ी सुरक्षा में दूसरे वाहन में की शिफ्टिंग



**राउरकेला।** शहर के सेक्टर 8 जुबली पार्क के समीप रिंग रोड पर सोमवार दोपहर उस समय हंगामे व अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गईए जब एक एटीएम कैश वैन ने सामने जा रहे स्कूटी सवार को ठोकर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार को मामूली चोटें आईंए हालांकि उसे बचाने के प्रयास में कैश वैन का संतुलन बिगड़ गया और वह क्षतिग्रस्त हो गई। चना मिलने पर सेक्टर 15 थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल स्कूटी सवार को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। दुर्घटना के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कड़ी पुलिस व्यवस्था के बीच कैश वैन में मौजूद मोटी रकम को दूसरी गाड़ी में शिफ्ट किया गया। इस दौरान कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा।कैश वैन के चालक ने बताया कि स्कूटी चालक की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई और उसे बचाने के प्रयास में वैन क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल सेक्टर 15 पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## सरबती देवी महिला कॉलेज की बाउंड्री वॉल ढही, कई दुकानें क्षतिग्रस्त



**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर में सोमवार के अपराह्न में उस समय अफरा तफरी मच गई, जब सरबती देवी महिला कॉलेज की बाउंड्री वॉल अचानक भरभराकर गिर पड़ी। यह हादसा मास्टर कॉलोनी की ओर जाने वाली सड़क के पास मुख्य मार्ग पर हुआ, जहां सड़क किनारे कई छोटी दुकानें और केबिन बने हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कॉलेज की चारदीवारी अचानक ढहने से सड़क किनारे स्थित कई दुकाननुमा केबिन मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल और दो साइकिलें भी मलबे के नीचे दब गईं, जिससे उन्हें भारी नुकसान पहुंचा। सौभाग्य से घटना के समय सभी दुकानें बंद थीं, जिसके चलते किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने इसे बाल बाल बचाव बताया और कहा कि यदि दुकानों में लोग मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि दीवार के कमजोर निर्माण या लंबे समय से रखरखाव की कमी के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा।

### 500 से अधिक महिलाओं व नागरिकों की सहभागिता

# महिला सुरक्षा जन- जागरूकता अभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस द्वारा रजत जयंती वर्ष 2025–26 के अंतर्गत संचालित 11 दिवसीय महिला सुरक्षा जन- जागरूकता अभियान का समापन सोमवार को कुनकुरी क्षेत्र के ग्राम मयाली में हुआ। 01 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक चले इस चरणबद्ध अभियान में जिले के शहरी, ग्रामीण, दूरस्थ व संवेदनशील क्षेत्रों को कवर किया गया। समापन कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, यूनिसेफ के स्वयंसेवक, जय हो टीम, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं सहित लगभग 500 से अधिक लोगों ने सहभागिता की।

■ पुलिस–प्रशासन–समाज की साझा पहल

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुशीला साय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बुनियाद स्वयं की पहचान और आत्मनिर्भरता है। उन्होंने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए महिलाओं से सामाजिक व नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।



**सामाजिक सहभागिता को बढ़ावाः** एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाना, अपराधों की रोकथाम के लिए सामाजिक सहभागिता मजबूत करना और जिले में सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है।

**सामाजिक कुरीतियों पर संवाद**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह ने महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने साइबर यूनिट द्वारा साइबर फ्रॉड व सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर दी गई प्रस्तुति की सराहना की तथा जय हो टीम को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी।इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों और सुरक्षित व्यवहार पर भी जागरूक किया गया।

**नोनी रक्षा दल 24×7 हेल्पलाइन**

नोनी रक्षा रथ की उप पुलिस अधीक्षक आशा लकड़ा ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा हेतु नोनी रक्षा दल निरंतर सक्रिय है। किसी भी आपात स्थिति या शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 9479128400 (24 घंटे) उपलब्ध है, जिसके लिए पृथक वाहन भी आबंटित किया गया है।

## भीषण विमान हादसे में सभी यात्री सुरक्षित जांच और हवाई सेवा बहाली का आश्वासन

**राउरकेला।** हाल ही में हुए इंडिया वन एयर के विमान हादसे के बाद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के सुरक्षित बच निकलने को ओडिशा के परिवहन मंत्री विभूति भूषण जेना ने अविश्वसनीय करार दिया है।

रविवार को राउरकेला में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इतने बड़े हादसे के बाद किसी की भी जान न जाना किसी चमत्कार से कम नहीं है। मंत्री जेना ने कहा इतने बड़े हादसे के बाद हम सभी का सुरक्षित बच जाना वाकई अविश्वसनीय है। यह राहत की बात है कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। उन्होंने हादसे के स्थल का निरीक्षण करने के बाद प्रशासनिक और तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली।

परिवहन मंत्री ने स्पष्ट किया कि विमान दुर्घटना के कारणों की विस्तृत और निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

श्विमान दुर्घटना के कारणों की गहराई से जांच की जाएगी। सुरक्षा मानकों को और सख्त किया जाएगाए उन्होंने कहा। मंत्री जेना ने यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार राउरकेला के लिए हवाई सेवाओं को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और मजबूत की जाएंगी।



# 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी मर्दानी 3

**मुंबई।** मर्दानी 3 ' में रानी मुखर्जी एक बार फिर निडर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आएंगी, जो न्याय के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ती हैं। यश राज फिल्म्स ने 'मर्दानी 3' की रिलीज डेट का ऐलान किया है। फिल्म 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी। मेकर्स इस फिल्म को शिवानी की अच्छाई और खौफनाक बुराई के बीच एक खूनी और हिंसक टकराव के रूप में पेश कर रहे हैं, जहां वह देश की कई लापता लड़कियों को बचाने के लिए समय के खिलाफ एक असाधारण रेस शुरू करती हैं। रानी मुखर्जी पहले ही खुलासा कर चुकी हैं कि यह एज-ऑफ-द-सीट थ्रिलर डार्क, डेडली और ब्रूटल होगी।

लाइफ Style

# सदफ

## भोले बाबा की भक्तिन, रखती हैं व्रत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्प्लिट्सविला 16' में ' सदाफ़ शंकर कौन हैं? मिलिए अफ़गानिस्तान में जन्मी मॉडल और भगवान शिव की भक्त से, जो इस सीजन की सबसे चर्चित कंटेस्टेंट बनती जा रही हैं। उनकी बेबाक कॉन्फिडेंस, दमदार मौजूदगी और अनोखी कहानी ने दर्शकों के बीच जिज्ञासा और चर्चा को जन्म दिया है।

9 जनवरी 2026 को स्प्लिट्सविला 16' के शुरू होने के बाद से एक कंटेस्टेंट लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। वो न तो गुल्लू हैं, न योगेश। इस कंटेस्टेंट का नाम सदफ शंकर है, जिनका जन्म अफगानस्तान में हुआ है। पिछले दस सालों से भारत में रह रही हैं और इस सीजन की सबसे चर्चित चेहरों में से एक बन गई हैं। सदफ शंकर फारसी मूल की मॉडल हैं, जिनका जन्म अफगानिस्तान में हुआ और अब मुंबई में रहती हैं। पिछले 10 सालों से भारत में रहकर उन्होंने यहां की संस्कृति को पूरी तरह अपनाया है। वह खुद को "देसी दिल से, फिल्मी अंदाज में और थोड़ी सी ड्रामा क्वीन जन्म से" बताती हैं। सदफ शंकर के इंस्टा पर 1.6 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उनकी बायो में लिखा है, 'मैं फेमस हूं, दुनिया को बस अभी पता नहीं चला,' जो उनके आत्मविश्वास को बखूबी दर्शाता है। सोशल मीडिया के मुताबिक, सदफ़ ने हाल ही में प्रोफेशनल मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा है। 'स्प्लिट्सविला 16' में सदफ का इंट्रोडक्शन उन्हें बेबाक, बोल्ड और नजरअंदाज करना नामुमकिन बताता है, जो अपने लुक्स से सबको इम्प्रेस करती हैं और एक नजर से ही सामने वाले को डराने का दम रखती हैं।




हॉलीवुड मसाला




# बाफ्टा की दौड़ में वन बैटल ऑफ्टर

**लॉस एंजिल्स।** इन दिनों बाफ्टा अवॉर्ड के नॉमिनेशन चर्चा में हैं। हाल ही में उन फिल्मों के नाम साझा किए गए हैं, जिनका नॉमिनेशन अवॉर्ड के लिए हुआ है। फाइनल वोटिंग राउंड के बाद जल्द ही ऑफिशियल नॉमिनेशन भी सामने आएंगे। लेकिन पहले राउंड में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म ने बाजी मारी है। पहली लिस्ट में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा देखने को मिला। इस फिल्म ने बाफ्टा में लगभग 16 नॉमिनेशन अपने नाम किए हैं।




# कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड के जरिए हुए थे काफी मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड विनर डायरेक्टर टॉम चेरोन्स का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह लंबे से एक गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। यह डायरेक्टर कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड' के जरिए काफी मशहूर हुए थे। टॉम चेरोन्स ने डायरेक्टर के तौर टीवी से शुरुआत की थी। उन्होंने पहला टीवी सीरियल 'बेब्स इन द वुड्स' किया था। फिर 1990 में उन्होंने 'सीनफेल्ड' नाम का सीरियल डायरेक्ट किया। इस सीरियल ने उन्हें डायरेक्टर के तौर पर अलग पहचान दिलाई। इसी सीरियल के लिए उन्हें एमी अवॉर्ड मिला, जिसे उन्होंने क्रिएटर्स जेरी सीनफेल्ड और लैरी डेविड के साथ शेयर किया था। टॉम चेरोन्स ने न्यू मैक्सिको यूनिवर्सिटी से जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री हासिल की थी। बाद में अलबामा यूनिवर्सिटी से टेलीकम्युनिकेशंस में मास्टर डिग्री हासिल की।



# ओ रोमियो के टीजर में फरीदा ने दी गाली

**मुंबई।** हाल ही शाहिद कपूर की नई फिल्म 'ओ रोमियो' का टीजर रिलीज हुआ, जो इंटरनेट पर छाया हुआ है। जहां इसमें शाहिद चर्चा बटोर रहे हैं, तो वहीं फरीदा जलाल भी छा गईं। हालांकि, उनका अवतार देख फैंस को झटका लगा है। दरअसल, 'ओ रोमियो' के टीजर में फरीदा जलाल गाली देती नजर आ रही हैं। दशकों लंबे करियर में यह पहली बार है, जब फरीदा जलाल गाली देती दिखीं और ऐसा अवतार नजर आया। यही बात फैंस को हजम नहीं हुई और वो हैरान हैं। फरीदा जलाल को यूं गाली देते देख फैंस सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं। 'ओ रोमियो' का टीजर 10 जनवरी को रिलीज हुआ। विशाल भारद्वाज की इस फिल्म में पूरी कास्ट की झलक दिखाई गई, जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया। पर सबसे ज्यादा ध्यान दिग्गज एक्ट्रेस फरीदा जलाल ने खींचा।



# नीले ड्रम और हनीमून हत्या की वो सच्चाई

**नई दिल्ली।** जिन घटनाओं ने पूरे देश के रोंगटे खड़े कर दिए थे, अब उसकी कहानी ओटीटी पर देखने को मिल रही है। यह सीरीज आपका दिल दहला देने के लिए काफी है। अगर आप इस हफ्ते कोई सीरीज देखने की सोच रहे हैं तो आप इसे अपनी वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं। इस डॉक्यु सीरीज का नाम है हनीमून से हत्या, जो महिलाओं द्वारा पतियों की हत्या पर आधारित सच्ची घटना पर आधारित है। सीरीज में उन हत्याओं को दिखाया गया जो सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं और इसने लोगों के दिल दहला दिए। हनीमून से हत्या डॉक्यु सीरीज में जिन घटनाओं को दिखाया गया है, वो मेघालय सोनम रघुवंशी केस, भिवानी इन्फ्लुएंसर केस, मेरठ ब्लू ड्रम केस, मुंबई (नालासोपारा) टाइल केस और दिल्ली इलेक्ट्रिक शॉक केस शामिल हैं।

टीवी मसाला

# इंडियन आइडल 3 के रह चुके हैं विजेता

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध सिंगर और एक्टर प्रशांत तमांग का 11 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में अपने आवास पर निधन हो गया। प्रशात साल 2007 में 'इंडियन आइडल सीजन 3' के विनर थे जिसके बाद उन्हें काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके अलावा वो वेब सीरीज पाताललोक 2 में भी नजर आए थे। वह 43 साल के थे। शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें दिल का दौरा पड़ा जिससे उनका निधन हो गया। हालांकि अभी इसकी मेडिकल पुष्टि नहीं हुई है। दार्जिलिंग के रहने वाले तमांग का जन्म 4 जनवरी 1983 को हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। बाद में कांस्टेबल के रूप में कोलकाता पुलिस में भर्ती हो गए। अपनी सेवा के दौरान, उन्होंने पुलिस ऑर्केस्ट्रा के माध्यम से संगीत के प्रति अपने जुनून को हमेशा अपने अंदर पोषित किया। खबरों के मुताबिक, प्रशांत हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में एक लाइव परफॉर्मेंस के बाद राजधानी लौटे थे। इसके अलावा उन्हें कोई गंभीर स्वास्थ्य बीमारी भी नहीं थी। कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के रूप में सेवा देने से लेकर दक्षिण एशिया में घर-घर में पहचाने जाने वाले नाम बनने तक, तमांग की यात्रा ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने हाल ही में 'पाताल लोक' के सीजन 2 में डैनियल लेचो के रूप में अपने दमदार अभिनय के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। उनके गीत 'बीर गोरखाली' और 'असारे महिमा' आज भी शक्तिशाली सांस्कृतिक गीतों के रूप में गूंजते हैं। तमांग को 2007 में इंडियन आइडल सीजन 3 जीतने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि मिली। इस जीत के बाद उनका एल्बम 'धन्यवाद' रिलीज हुआ। उन्होंने विदेशों में भी कई जगह परफॉर्म किया।



## टीवी के इन सितारों का फिल्मों में भी बजा डंका

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया को भले ही कुछ लोग कम आंकते हैं। छोटा प्लेटफॉर्म मानते हैं। लेकिन इसी जगह से कई सितारे ऐसे चमके, जिनका न सिर्फ इस छोटे पर्दे पर, बल्कि फिल्मों में भी डंका बजा है। मोना सिंह ने 'जस्सी जैसी कोई नहीं' से पॉप्युलैरिटी हासिल की। और टीवी की दुनिया में काफी नाम कमाया। लेकिन फिल्मों में भी इन्होंने झंडे गाड़े। '3 इडियट्स', 'लाल सिंह चड्ढा' जैसी सुपरहिट मूवीज का हिस्सा रहीं। करण टैकर और क्रिस्टल डिसूजा को 'एक हजारों में मेरी बहना है' में साथ देखा गया था। और अब दोनों ही टीवी की दुनिया से निकलकर बड़े पर्दे पर अपनी धाक जमा रहे हैं। वेब सीरीज से लेकर बॉलीवुड मूवीज में ये नजर आ रहे हैं। इरफान खान हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने दूरदर्शन पर 'चाणक्य', 'भारत एक खोज', 'सारा जहां हमारा', 'बनेगी अपनी बात', 'चंद्रकांता' और 'श्रीकांत' जैसे शोज से नाम कमाया और फिर फिल्मों में भी सुपरहिट एक्टर रहे। 'पवित्र रिश्ता' और 'किस देश में है मेरा दिल' जैसे सुपरहिट शोज में अपने किरदार से घर-घर फेमस होने वाले सुशांत संह राजपूत हमारे बीच नहीं लेकिन उन्होंने टीवी के साथ-साथ फिल्मों में भी हाथ आजमाया था और शानदार काम के लिए कई खिताब भी जीते थे।



# FA9LA गाने के सिंगर फ्लिपराची करेंगे इंडिया का टूर

*मुंबई। धुरंधर अपनी कहानी के अलावा दर्शकों के बीच गाने '**FA9LA**' के कारण भी खूब चर्चा में रही। यह गाना बहरीन के रैपर फ्लिपराची ने तैयार किया है। जल्द ही वह भारत का टूर कर रहे हैं। धुरंधर को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक महीने से अधिक का समय हो चुका है। फिल्म 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म का गाना **FA9LA** अब भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इस गाने पर देश ही नहीं, दुनिया भर में रील्स बन चुकी हैं। **FA9LA** के सिंगर रैपर फ्लिपराची हैं। उनकी भारत में भी अब अच्छी खास फैन फॉलोइंग हो चुकी है। अपने इंडियन फैंस का मनोरंजन अब फ्लिपराची लाइव करेंगे। जल्द ही भारत में उनका म्यूजिक टूर शुरू होगा।*

## भारत के किस शहर में होगा पहला शो



सिंगर, रैपर फ्लिपराची के इंडिया टूर की शुरुआत 14 मार्च से होगी। वह अपना पहला लाइव शो बेंगलुरु में करेंगे। इस बात की जानकारी रैपर ने खुद इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए साझा की है। म्यूजिक टूर की बाकी तारीखों की घोषणा भी जल्द ही की जाएगी। लेकिन, इसके लिए रैपर फ्लिपराची ने अपने इंडियन फैंस सजेशन मांगे हैं। उन्होंने कहा है कि फैंस अपने शहरों के नाम बताएं, जिसके बाद तय होगा कि वह अगला शो कहां करेंगे।

## अक्षय को फ्लिपराची के गाने से मिली लाइमलाइट

फिल्म धुरंधर के गाने **FA9LA** में अक्षय खन्ना ने भी कुछ वायरल डांस स्टेप्स किए। इस वजह से वह भी खूब चर्चा में रहे। फिल्म में लीड रोल रणवीर सिंह का था लेकिन अक्षय खन्ना को इस गाने के कारण ज्यादा सराहा गया। ऑडियंस को **FA9LA** गाने की जोरदार बीट्स और एनर्जी काफी पसंद आई। इस गाने के लिए फ्लिपराची को इंडिया में काफी फेम मिला।

# दो आंखें बारह हाथ से लेकर एआर रहमान तक गोल्डन ग्लोब में अब तक ऐसा रहा भारत का सफर

**नई दिल्ली।** गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स फिल्म और टेलीविजन जगत के सबसे चर्चित अवॉर्ड्स में शामिल हैं। हर साल की तरह इस साल भी जनवरी में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड आयोजित होने जा रहे हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का आयोजन 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में किया जाएगा। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। हालांकि, भारत में इस अवॉर्ड्स समारोह का प्रसारण सोमवार यानी 12 जनवरी को सुबह छह बजे होगा। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में कैसा रहा भारत का सफर? किस भारतीय फिल्म या कलाकार को मिला गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड और कौनसी फिल्में व कलाकार हुए नामित।

***दो आखें बारह हाथ को मिला था गोल्डन ग्लोब :*** साल 1944 में शुरु हुए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में भारत को पहली उपलब्धि साल 1957 में मिली। जब दिग्गज फिल्ममेकर वी. शांताराम की फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ'को गोल्डन ग्लोब में नॉमिनेशन मिला। साथ ही इस फिल्म ने एक स्पेशल अचीवमेंट अवॉर्ड भी अपने नाम किया। 'दो आंखें बारह हाथ'को सैमुअल गोल्डविन अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड मिला था।



***गांधी फिल्म ने लहराया था परचम :*** दो आंखें बारह हाथ के लगभग 26 साल बाद साल 1983 में रिचर्ड एटनबर्ग की फिल्म गांधी ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में परचम लहराया था। इस फिल्म ने कई कैटेगरी में अवॉर्ड जीता था। गांधी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, निर्देशक, स्क्रीनप्ले, नया कलाकार और सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म की कैटेगरी में अवॉर्ड मिला था।

***मीरा नायर की सलाम बॉम्बे और मानसून वेडिंग को मिला नॉमिनेशन :*** गांधी के बाद साल 1989 में मीरा नायर की फिल्म सलाम बॉम्बे को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। हालांकि, फिल्म यह पुरस्कार अपने नाम नहीं कर सकी थी। तब यह अवॉर्ड 'पेल द कॉन्करर' को मिला था। इसके बाद साल 2002 में एक बार फिर मीरा नायर की फिल्म मानसून वेडिंग गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म की कैटेगरी में नामित हुई। लेकिन, यहां भी मीरा नायर को निराशा मिली और अवॉर्ड क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन को मिला।

***2009 में एआर रहमान बने गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय :*** 1983 में गांधी के अवॉर्ड जीतने के बाद भारत के लिए गोल्डन ग्लोब से अच्छी खबर सीधे 2009 में आई, जब दिग्गज संगीतकार एआर रहमान को बेस्ट ओरिजिनल म्यूजिक स्कोर की कैटेगरी में यह पुरस्कार मिला था। रहमान ने फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर के लिए इस अवॉर्ड को अपने नाम किया था। इसके साथ ही एआर रहमान व्यक्तिगत रूप से गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय भी बने।

## दुनियाभर में इस एक्ट्रेस के नाम का डंका बजा, नाम था मनोरमा

# घरों में झाड़ू-पोछा करने वाली, फिल्मों में बनाए रिकॉर्ड, गिनीज बुक में नाम

### गरीबी में जन्मा एक सितारा जो दुनिया भर में चमका

आची मनोरमा तमिलनाडु के मन्नारगुड़ी में एक गरीब परिवार में पैदा हुई थीं। परिवार की स्थिति ऐसी नहीं थी कि भरपेट खा सकें। इसलिए मां नौकरानी का काम किया करती थीं। मनोरमा ने अपने करियर में 1500 से अधिक फिल्में कीं और 5 हजार से ज्यादा स्टेज शोज किए थे। उन्होंने कई टीवी सीरियलों में भी काम किया और नेशनल अवॉर्ड भी जीता। उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स तक में दर्ज किया गया। हालांकि, यहां तक का सफर बहुत टेढ़ा-मेढ़ा और कठिनाइयों भरा था, जिसकी शुरुआत मां की जानलेवा बीमारी के साथ हो चुकी थी।

### घरों में नौकरानी बन गईं

मनोरमा की मां को कैंसर था। वह लोगों के घरों में नौकरानी का काम करती थीं, पर बीमारी की वजह से वह काम भी छूट गया और भूखे मरने की नौबत आ गई। मनोरमा ने जब देखा की मां को खून की उल्टियां हो रही हैं, तो वह टूट गई थीं। उस वक्त वह सिर्फ 11 साल की थीं, पर उन्होंने नन्ही सी उम्र में ही घर का भार संभाल लिया। मनोरमा ने स्कूल जाना छोड़ दिया और घर-घर जाकर बर्तन साफ करने और चूल्हे-चौके का काम शुरू कर दिया। उससे जो पैसे मिलते, उनसे घर का गुजारा चलता। लेकिन मां का इलाज तब भी नहीं हो पा रहा था क्योंकि आमद इतनी नहीं थी।

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में ऐसे कई नगीने उभरे हैं, जिन्होंने मुफलिसी में जिंदगी गुजारी, पेट पालने के लिए फाके करने पड़े, पर कड़ी मेहनत से न सिर्फ अपनी किस्मत की लकीरें सुधारीं, बल्कि दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया। ऐसी ही एक कलाकार रहीं, जिनके बारे में बता रहे हैं। फिल्मों में आने से पहले यह एक नौकरानी थीं। लोगों के घरों में जाकर जूठे बर्तन मांजती और साफ-सफाई करती थीं, पर जब फिल्मों में आईं तो हर कोई इसका हुनर देख दंग रह गया। दुनियाभर में इस एक्ट्रेस के नाम का डंका बजा। नाम था मनोरमा, जिन्हें प्यार से 'आची मनोरमा' भी कहा जाता था। इन्होंने अपने कॅरियर में पांच-पांच मुख्यमंत्रियों संग काम किया था। हालांकि, उनका असली नाम गोपीशांता था।



### मुख्यमंत्रियों संग कीं फिल्में, कभी वो थे एक्टर

मनोरमा एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में पांच मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया था। ये थे- एनटी रामाराव, एन अन्नादुरई, जयललिता, एम.जी. रामाचन्द्रन और एम करुनानिधि। दरअसल, ये सभी मुख्यमंत्री बनने और राजनीति में आने से पहले फिल्मों में एक्टिव थे। उसी दौरान मनोरमा ने इन सभी के साथ फिल्में की थीं। मनोरमा ने 1960 तक तो फिल्मों में हर तरह के किरदार निभाए और एक्टिंग की, लेकिन फिर वह कॉमेडी रोल करने लगीं। इसके बाद तो उनके करियर को और नई जिंदगी मिली। कॉमेडी में मनोरमा को खूब पसंद किया गया।

### इस शख्स का एहसान मानती थीं

मनोरमा ने एक बार हमारे सहयोगी 'ईटाइम्स' को दिए इंटरव्यू में कहा था कि अगर एक्टर कनादासन नहीं होते, तो वह भी जिंदा नहीं होतीं। उन्होंने ही एक्ट्रेस से कहा था कि अगर सिर्फ एक्टिंग की करती रहोगी तो इंडस्ट्री वाले कुछ साल में ही बाहर उठाकर फेंक देंगे, और कॉमेडी करोगी तो बहुत आगे तक जाओगी। मनोरमा ने करीब 57 साल तक फिल्मों में काम किया, एक्टिंग की और ढेरों गाने गाए। उन्होंने लगभग सभी पॉपुलर म्यूजिक डायरेक्टर्स के लिए गाने गाए।

### ऐसे मिला था एक्टिंग का मौका, सिंगर भी कमाल की

ऐसे में तब मनोरमा ने कुछ और काम करने की भी सोची। उसी दौरान एक नाटक मंडली उनके गांव में आई। बताया जाता है कि उस मंडली की हीरोइन गाना नहीं गा पा रही थी। मनोरमा ने गाने की पेशकश की। उन्होंने गाना गाया और इस तरह 11 साल की उम्र में ही एक्टिंग के साथ-साथ सिंगर के तौर पर भी शुरुआत हो गई। मनोरमा एक अच्छी एक्ट्रेस होने के साथ-साथ कमाल की सिंगर भी थीं, और इसी से उनके लिए फिल्मी दुनिया के रास्ते खुले।

### 1500 से ज्यादा फिल्में गिनीज बुक में दर्ज नाम

मनोरमा को नाटक मंडली में काम करते हुए पहली फिल्म 'इनबावाज्वु' मिली और वह छा गईं। इसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। मनोरमा ने एक के बाद एक 1500 से अधिक फिल्मों में काम किया। इसी के कारण उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया।

**खबर संक्षेप**

### गौरांग बने प्रदेश सहसंयोजक



पुसौर। ग्राम कांदागढ़ के रहने वाले गौरांग साव को बीजेपी प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा में झण्डा बरदार रहकर अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत करने वाले गौरांग सर्वप्रथम पोलिंग बूथ अध्यक्ष बने इसमें इन्होंने भाजपा में लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसके फलस्वरूप क्षेत्र में भाजपा को बढ़त मिली, इसी क्रम में ये युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने जिसमें इन्होंने ब्लाक के युवाओं को जोड़ कर क्षेत्र के समस्त युवाओं के हाथ में कमल का झंडा थमा दिया। वे कोडपाली सेवा सहकारी समिति में लगातार तीन बार संचालक मंडल में शामिल रहे और लोगों को अपनी सेवाएं दी। एनटीपीसी के स्थापना के बाद क्षेत्र के लोगों को रोजगार मुहैया कराने सहित उनके मुआवजा आदि को दिलाने के लिये क्षेत्र के लोगों ने इन्हें भारी मतों से 2 बार जनपद सदस्य बनाया। भाजपा ने इनके सारे गतिविधियों को देखते हुए पांच साल जिला भाजपा किसान मोर्चा का अध्यक्ष निर्वाचित किया। वहीं अब प्रदेश संगठन में स्थान दिया गया है। जानकारी के मुताबिक इन्हें प्रदेश किसान मोर्चा के सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है।

### मनीष ने दिया सांस्कृतिक संरक्षण का संदेश



**बिलाईगढ़।** ग्राम दोमुहानी में आयोजित चार दिवसीय पारंपरिक मड़ाई मेला के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में मनीष चेलक शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में मड़ाई मेले को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मनीष चेलक ने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत को गर्व के साथ अपनाएं और सामाजिक एकता, भाईचारे एवं सौहार्द को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि मड़ाई जैसे पारंपरिक आयोजन हमारी लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ-साथ समाज में आपसी मेल-जोल और समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में सतनामी समाज बिलाईगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष सालिक राम घृतलहरे, बिलाईगढ़ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. प्रकाश कुर्रे एमबीबीएस, भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अध्यक्ष बिरेंद्र कमल, आयोजन समिति के सदस्य शिक्षक महासिंग कुर्रे, कपिल कटकर, शैलेन्द्र टण्टन, बाबूलाल बंजारे सहित मेला समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मड़ाई मेला में हजारों की संख्या में ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शकों ने भाग लिया। इस दौरान पारंपरिक लोक नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा ग्रामीण हस्तशिल्प की आकर्षक प्रदर्शनी ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## शासन खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने निरंतर कर रहा प्रयास

# महिला खेलकूद स्पर्धा का आयोजन, कुश्ती खो-खो और रस्साकशी में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





अपनी खेल का प्रदर्शन करती महिला खिलाड़ी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय रायगढ़ महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर, रायगढ़ में उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित अध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़ श्रीमती सुजाता चौहान ने कहा कि खेल बच्चों एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज की महिला खिलाड़ी भविष्य में समाज के लिए प्रेरणा बनेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर निगम के सभापति डिग्री लाल साहू ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक दृढ़ता भी प्रदान करते हैं तथा शासन द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष रोल बॉल संगठन रायगढ़ ने खिलाड़ियों को लक्ष्य निर्धारण एवं नियमित अभ्यास का संदेश दिया। बीडीसी सुकलाल चौहान ने महिला खिलाड़ियों की सहभागिता की सराहना करते हुए खेलों को आत्मनिर्भरता का माध्यम बताया। नोडल अधिकारी डीपी पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ ने भारतीय महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ की महिला कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी के उदाहरण से बच्चों को प्रेरित किया। बीईओ रायगढ़ संजय पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा और खेल एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों के संतुलन से ही सर्वांगीण विकास संभव है।

प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, हॉकी, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती एवं रस्साकशी सहित अनेक खेल विधाओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विकासखण्ड स्तरीय विजेता खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड रायगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर अनिल साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन देवेंद्र मिश्रा, शिक्षक शारीरिक शिक्षा द्वारा किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी मोहम्मद आबिद साबरी ने किया।



# उप मुख्यमंत्री ने किया अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

नगर पंचायत बरमकेला में रविवार को अटल परिसर का भव्य एवं ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह वातावरण में हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात अटल परिसर का लोकार्पण किया तथा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री साव ने अटल परिसर को अटल उद्यान के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व और कृतित्व भारतीय लोकतंत्र, सुशासन एवं राष्ट्रनिर्माण की अमूल्य धरोहर है। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और अटल संकल्प की निरंतर प्रेरणा देती रहेगी। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के अधिकांश नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। बरमकेला में 177वें अटल परिसर का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अटल जी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश भर में एक साथ 115 प्रतिमाओं का लोकार्पण किया गया था, जो उनके प्रति जनभावनाओं का प्रतीक है।

# कौवाताल में बाबा गुरु घासीदास के जैतखाम भूमि पूजन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर




ग्राम कौवाताल में बाबा गुरु घासीदास के पावन जैतखाम के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े, श्रीमती सोनी अजय बंजारे नगर पालिका अध्यक्ष पूर्व विधायक सुश्री कामदा जोल्हे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लता लक्ष्में, सरपंच श्रीमती शशि रौतिया, जनपद सदस्य रोहित महिलाने, श्रीमती मंजूलता आनंद, श्रीमती सरिता गोपाल डॉ मुनि लाल अंनत, कामता अम्बेडकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ, जिसमें ग्राम के वरिष्ठजनों, महिलाओं एवं युवाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान बाबा गुरु घासीदास के सत्य, अहिंसा, मानवता, समानता और भाईचारे के महान संदेशों को स्मरण किया गया तथा उनके आदर्शों को समाज के लिए सदैव मार्गदर्शक बताया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैतखाम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना एवं आपसी सौहार्द का भी प्रतीक है। जैतखाम भूमि पूजन से क्षेत्र में सामाजिक एकता को नई मजबूती मिलेगी और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं एवं मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी। यह आयोजन ग्राम कौवाताल के लिए एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण क्षण रहा। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### घरघोड़ा बीईओ ने किया विभिन्न स्कूलों का दौरा

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा बीईओ संतोष कुमार सिंह ने वनाच्छादित ग्राम राई मे स्थित प्राथमिक शाला का आकस्मिक निरिक्षण करते हुए स्कूली शिक्षा का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से शैक्षणिक स्थिति का जायजा लेते हुए पहाड़ा एवं भाषा को पढ़ने के लिए कहा मध्यान्ह भोजन, शिक्षक दैनंदिनी, मध्यान्ह भोजन अवलोकन पंजी, शिक्षक आवक जावक पंजीयो का अवलोकन करते हुए हुए ग्रामीणों से भी चर्चा की। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य मोहन चौहान, संकुल समन्वयक शामिल रहे। छात्राओं की विद्यालय में नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम राई के प्राथमिक शाला में पहली बार निरीक्षण पंजी लिखा गया। जिसे लेकर शिक्षकों मे उत्साह देखा गया।

# विधानसभा स्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन



**बिलाईगढ़।** विधानसभा स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

विधायक कविता प्राण लहरे के आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी, फूलमाला एवं पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। महिला कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक स्वागत किया। विधायक ने स्वयं कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया, वहीं कार्यकर्ताओं ने भी फूलमाला एवं तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर फूलमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर विधायक कविता ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी की वास्तविक शक्ति जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठनात्मक दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में मनरेगा बचाओ अभियान एवं एसआईआर से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि विधानसभा स्तरीय मासिक बैठक प्रत्येक माह 10 से 15 तारीख के बीच नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनाखान युधिष्ठिर नायक, डिगेश यादव, विधायक प्रतिनिधि रामनारायण भट्ट, जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल ईंदू भूषण पड़वार, जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस रामकुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि शेखर भट्ट सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एजेंसी का कारनामा, जहां तय था वहां के बजाए दूसरे जगह बनाया सड़क



**पुसौर।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में छोटे-छोटे ग्रामों को आपस में जोडने के लिए यह योजना लाई गई । इसके जरिए सड़क निर्माण किया जा रहा है। इसके अधिकारी, इंजीनियर व ठेकेदार कब आते हैं और कैसे जांच करते हैं इसका पता नहीं। नावापाली में बन रहा मुख्यमंत्री सडक समय में, पूरी गुणवत्ता के साथ, तय दूरी अनुसार रोड नहीं बनाने का मामला प्रकाश में आया है।

इस रोड के निर्माण एजेंसी को अंतिम अल्टीमेटम देने के बाद बीते 8 तारीख को काम शुरू किया है । जिसमें वह निर्धारित जगह पर निर्माण न कर दूसरे जगह रोड बनाया है जो ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत है। अब इसमें पेंच यह है कि ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत रोड स्थल को मुख्यमंत्री सड़क निर्माण एजेन्सी का आपसी सामंजस्य है या नहीं। वहीं निर्माण एजेंसी को जहां रोड बनाना था उसे छोड़ दिया गया है। ऐसे में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना पर सवाल खड़े होते हैं कि आखिर विभाग के लोग इतनी बडी विसंगति को कैसे पचा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त रोड निर्माण का प्रारंभ 3 जनवरी 25 को हुआ था जिसके ठेकेदार अशोक केजरीवाल सारंगढ़ वाले हैं।

# जीव संसार में तन से नही मन से बंधा हुआ है: पं. अनिल शुक्ला



**सरसीवा।** सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के ग्राम क्षेत्र धाराशिव रोड पर देवांगन परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस के सत्र में भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीला चरित्र का विशद वर्णन व्यास पीठ से पं अनिल शुक्ला बसहा वाले द्वारा विस्तारित किए गए।

कथा वर्णन करते हुए उन्होने बताया कि भागवत अपनी वाणी को सत्य करते हुए पृथ्वी के भार को दूर करने में एक पल की भी देरी नही किए भगवान का गोकुल में जन्मोत्सव के बाद ही एक भार पूतना का उद्धार किए तीन माह में शकटासुर का व छः माह में तृणावर्त का उद्धार किए एक वर्ष में भगवान का नामकरण संस्कार संपादित हुए। आगे माखन चोरी व ऊखल बंधन लीला चरित्र का भावपूर्ण विश्लेषण सुनाया गया , ऊखल बंधन के संदर्भ में बताया गया कि जीव इस संसार में तन से नही बल्कि मन से बंधा रहता है। तन का बंधन कोई बंधन नही जीव के लिए सबसे बड़ा बंधन मन का बंधन है इसी बात को भगवान चरित्रार्थ करते हुए स्वयं ऊखल में अपने तन को बंधवाकर यमलार्जुन वृक्ष बने कुबेर पुत्रों को मुक्त करते है। आगे भगवान द्वारा अघासुर बकासुर उद्धार की कथा नाग निग्रह गोवर्धन पूजन व रास लीला चरित्र विस्तार पूर्वक सुनाया गया। कंस वध से लेकर द्वारिकापुरी गमन की कथा के साथ रूक्मणी मंगल की पावन कथा का वर्णन किया गया। मुख्य यजमान डा. दिवाकर देवांगन द्वारा संकल्पित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ में श्रीकृष्ण रूक्मणी मंगल मे विवाहोत्सव धूमधाम व आनंद उल्लास के मनाया गया। कथा श्रवण हेतु नित्य प्रति भक्तों की अपार भीड़ उमड रही है जो कि वहां के वातावरण को परम भक्तिमय व धार्मिक भाव से ओतप्रोत बना रहे ।

# धरमजयगढ़ और घरघोड़ा ब्लॉक में कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसआर सिदार एवं घरघोड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह के विशेष प्रयासों एवं संयुक्त समन्वय से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल टेंडा नवापारा में करियर मार्गदर्शन सह परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का भव्य, सुव्यवस्थित एवं अत्यंत सफल आयोजन किया गया।

दोनों अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्षेत्र के छह विद्यालयों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई, जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, जो कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण है। इस कार्यक्रम में शाउमा विद्यालय नवापारा, हाई स्कूल बगचबा, सेजेस कटाईपाली, सी हाई स्कूल पुसल्दा, हाई स्कूल बोजिया सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मां सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायगढ़ जिले के ऊर्जावान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव एवं डीएमसी आलोक स्वर्णकार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरे सभागार में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ।

## युवा दिवस पर नशा मुक्ति जागरूकता का आयोजन

# पढ़ाई और मेहनत से युवाओं का भविष्य सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़




स्वामी विवेकानंद के जयंती पर्व में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सारंगढ़ ब्लॉक के हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी में महिला बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त समाज के प्रचार प्रसार हेतु रंगोली प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को नशा मुक्ति एवं बाल विवाह रोकथाम को लेकर शपथ दिलाई। विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा केक तैयार किया गया, वहीं विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोलियों का कलेक्टर ने अवलोकन किया। नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत भारत माता वाहिनी के वाहन को कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में बनाए गए सेल्फी फ्रेम पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी लेते हुए सहभागिता निभाई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद को समर्पित है। युवा ही देश का वर्तमान और भविष्य हैं। कक्षा 10वीं, 11वीं, 12वीं और कॉलेज का समय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर है। यदि इस समय मेहनत और अनुशासन के साथ लक्ष्य पर ध्यान दिया जाए तो भविष्य निश्चित रूप से सुरक्षित और सफल बनता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मेहनत, समय के महत्व को समझने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

